<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 21.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम 5 बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी केंद्रों से प्रसारित किया जाएगा।

*********************

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि नई शिक्षा नीति आज के विदयार्थियों को शिक्षित करने में सफलता का सूत्र है। आज आईआईटी चेन्नई में दक्षिणापथ शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्कूली शिक्षा में आमूल–चूल परिवर्तन लाना होगा ताकि उच्चतर माध्यमिक शिक्षा पूरी करने के बाद स्कूल छोड़ने वालों की दर कम हो। श्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि स्कूली शिक्षा में कौशल पहलू पर ध्यान केंद्रित करना होगा और यही कारण है कि नई शिक्षा नीति में छठी कक्षा से कौशल शिक्षा विषय को लागू किया गया है।

*********************

कुड़मी समाज के रेल रोको आंदोलन को देखते हुए रेलवे ने कई ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया है। इनमें गोरखपुर–सम्बलपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर–रांची एक्सप्रेस, नई दिल्ली–भुवनेश्वर तेजस राजधानी एक्सप्रेस, जम्मू तवी–सम्बलपुर एक्सप्रेस शामिल हैं।

*********************

कुड़मी आंदोलन के कारण हावड़ा दिल्ली मार्ग पर रेल परिचालन प्रभावित होने से कोडरमा जिले के यात्री परेशान है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*********************

राजधानी रांची के खेलगांव में चले रहे तीन दिवसीय इस्ट टेक सिम्पोजियम–2025– डिफेंस एक्सपो का आज समापन हो रहा है। सेना की ओर से लगायी गयी इस प्रदर्शनी में तीन दिनों तक लोगों ने हथियारों और मोडिफाइड व्हीकल के साथ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस्तेमाल की गई भारत की स्वदेशी मिसाइल आकाश को भी करीब से देखा।

*********************

आज महालया है। इसे लेकर राजधानी रांची के दुर्गा बाड़ी समेत राज्यभर के मंदिरों और पूजा पंडालों में देवी दुर्गा का आह्वान किया जायेगा। कल से कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र की शुरुआत हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने महालया के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

*********************

गिरिडीह में नाले में गिरे दो वर्षीय बच्चे की तलाश में लापरवाही से नाराज़ लोगों ने बड़ा चौक पर सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। परिजनों का आरोप था कि देर रात 11 बजे ही रेस्क्यू अभियान रोक दिया गया जबकि बच्चा तब तक नहीं मिला था। इस बीच बच्चे का शव घटना स्थल से करीब एक किलोमीटर दूर खेत से बरामद हुआ।

*********************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची सांसद संजय सेठ के नेतृत्व में आज से रांची के मोराबादी मैदान में साइक्लोथौन शुरू हुआ। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने साइकलिंग में हिस्सा लिया और कार्यक्रम का आनंद

लिया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि युवा शक्ति आत्मनिर्भर और विकसित भारत की प्रेरणा है और ष्जो फिट है वही हिट हैष।

*********************

दुबई में एशिया कप टी–20 क्रिकेट के सुपर 4 के दूसरे मुकाबले में आज रात आठ बजे भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। भारत ने ग्रुप– मुकाबले में पाकिस्तान पर सात विकेट से जीत हासिल की थी।

*******समाप्त*************